pan>

Title: Need to send a central team to assess the damage caused by hailstorm in Reva Parliamentary Constituency.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : महोदय, आपने समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मध्य प्रदेश में भारी ओलावृष्टि हुई है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र रीवा में सैंकड़ों गाँव ओले से प्रभावित हुए हैं। इसके पहले भी भयंकर सूखे की वजह से पूरे जिले की रबी और खरीफ की फसल सूख गई है। जो भी थोड़ी-बहुत फसल बोई गई थी, वह इस ओलावृष्टि से समाप्त हो गई है। मध्य प्रदेश सरकार ने, भारत सरकार ने मनरेगा के तहत मजदूरों के लिए राशि आवंटित की है, लेकिन पिछले तीन महीने से मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल पाई है।

इसलिए मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मनरेगा के तहत जो शेष मजदूरी है, वह मजदूरी दिलाई जाए तथा ओलावृष्टि का आंकलन करने के लिए भारत सरकार की ओर से केन्द्रीय अध्ययन दल भेजने की कृपा की जाए। धन्यवाद, जय हिन्द।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Janardan Mishra.